हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024
[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 13 नवंबर 2024

10 दौड़ में लक्की और हिमांशु प्रथम



10 गायत्री परिवार ने आयोजित किया अखंड ज्योति सम्मान समारोह





# जिले के सभी स्कूल होंगे सर्वसुविधायुक्त : मंत्री टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शिक्षा, खेल और युवाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने हाल ही में घोषणा की कि विधानसभा क्षेत्र के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों को सर्वसुविधा युक्त बनाना उनकी प्राथमिकता है। मंत्री वर्मा ने कहा कि जब स्कूलों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, तब बच्चों के लिए पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण बन सकेगा। स्कूलों में बिजली, पानी, खेल के मैदान, स्मार्ट क्लास, स्मार्ट बोर्ड, प्रायोगिक कक्ष, अतिरिक्त कक्ष, प्रायोगिक सामग्री, रंगमंच, प्रार्थना शेड के साथ–साथ शिक्षक व्यवस्था का ध्यान रखा जाएगा।

### निर्माण कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश

इस तरह के शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे के विकास से स्कूलों की स्थिति में सुधार आएगा और बच्चों की पढ़ाई में भी उत्साह बढ़ेगा। मंत्री वर्मा ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्माण कार्योंं को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि छात्र–छात्राओं को सभी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बलौदाबाजार विधानसभा में शिक्षा और खेल की सुविधाओं का विस्तार करने के साथ–साथ युवाओं के कल्याण के लिए इस प्रकार की पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

## मंजूर की 3 करोड़ से अधिक की राशि



### 23 स्कूलों में प्रार्थना शेड के लिए 3 करोड़ 45 लाख स्वीकृत

पूर्व में भी, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के लगभग 25 स्कूलों में प्रार्थना शेड, अतिरिक्त कक्ष और रंगमंच के निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी और अब इस निर्माण कार्य को पूरा किया जा चुका है। मंत्री वर्मा ने यह भी घोषणा की कि बलौदाबाजार विधानसभा के 23 अन्य स्कूलों में प्रार्थना शेड के निर्माण के लिए 3 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन स्कूलों में ग्राम जरौद, शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा, नवापारा, मोहभट्ठा, भटभेरा, खपराडीह, पंडित चक्रपाणि बालौदाबाजार, रसेड़ा, चांपा, सलौनी, करमदा, मोहरा, सुहेला, झीपन, आमाकोनी, फरहदा, खिलोरा, बरडीह, गांधी चौक बालौदाबाजार, सेम्हराडीह और रवान शामिल हैं। मंत्री वर्मा ने आगे कहा कि शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी है ताकि बच्चों को एक अच्छा और सकारात्मक वातावरण मिल सके, जिससे वे अपनी पढ़ाई में पूरी तरह ▸▸ शेष पेज 08 पर

### करोड़ों से कराए जाएंगे कार्य

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर बलौदाबाजार जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 3 करोड़ 79 लाख 45 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनमें ग्राम जरौद के लिए 12 लाख 75 हजार रुपए तथा शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा, नवापारा,मोहभट्ठा, भटभेरा, खपराडीह,पंडित चक्रपाणि बालौदाबाजार, रसेड़ा,चांपा,सलौनी, करमदा, मोहरा और सुहेला सभी स्कूलों के लिए अलग–अलग 18 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह झीपन के लिए 9 लाख 70 हजार रुपए तथा आमाकोनी, फरहदा, खिलोरा, बरडीह, गांधीचौक बालौदाबाजार, सेम्हराडीह और रवान सभी स्कूलों के लिए अलग–अलग 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई हैं।

### निर्माण कार्यों की स्वीकृति से भाजपा और स्थानीय लोगों में हर्ष

बलौदाबाजार विधानसभा में लगातार विकास और निर्माण कार्यों की स्वीकृति से भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने मंत्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टंकराम वर्मा के कुशल नेतृत्व में बलौदाबाजार तेजी से विकास करेगा और शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित होंगे। मंत्री वर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए स्थानीय ▸▸ शेष पेज 08 पर

## खबर संक्षेप

### युवक को बेल्ट से मारा

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के एक युवक के साथ गांव के ही एक व्यक्ति ने मारपीट की। तुमगांव पुलिस को राहुल कुमार साहू ने बताया कि को शाम 7.30 बजे बाजार चौक गढ़सिवनी में पान दुकान से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी पीछे से गांव के आशीष उर्फ रिंकू ध्रुव आकर मेंरे सिर को बेल्ट से मारने लगा। साथ ही उसने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को डंपर ने रौंदा, हुई मौत

**महासमुंद।** ग्राम शेर के पेट्रोल पंप के पास खड़े एक व्यक्ति को डंपर ने रौंद दिया। घटना में उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को गुडरूपारा निवासी सतीश कन्नौजे ने बताया कि 11 नवंबर की शाम वह अपनी मोटर सायकल से घरेलू काम से शेर गांव गया था। वापस आते समय बाइक में उसके साथ शेर गांव का परिचित लेखराम पटेल भी था। देर शाम करीब 7.40 बजे पेट्रोल पंप के पास आम रास्ता ग्राम शेरगांव के पास पहुंचकर वह अपनी मोटर सायकल को खड़ी कर लघु शंका के लिए कुछ दूरी पर गया था। इस दौरान लेखराम पटेल को बाइक के पास ही खड़ा था। तभी जोरदार आवाज आने पर देखा कि फिंगेश्वर की ओर से आ रही डंपर ट्रक के चालक ने काफी तेज व लापरवाही पूर्वक अपने वाहन को चलाते हुए लेखराम पटेल का एक्सीडेंट कर दिया। प्रार्थी ने बताया कि लेखराम के शरीर में गंभीर चोटें आई थी और मृत्यु हो गई थी। तभी देखा एक्सीडेंट करने वाला डंपर भाग रहा था। ट्रक के पीछे का लाइट जलने से उसका नंबर सीजी 06 एम 1205 दिखाई दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### शराब जब्ती के तीन मामलों में कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में शराब बिक्री के तीन मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई गई है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम भदरसी से गांजर जाने वाले रास्ते में खेत में झोपड़ी बनाकर शराब बेच रहे आरोपी आकाश राजपूत के कब्जे से 1.950 लीटर महुआ शराब तथा 5.040 लीटर देशी प्लेन शराब, कुल 6.990 लीटर, कीमत 3,170 रुपए तथा बिक्री रकम 2180 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। वहीं भंवरपुर चौकी पुलिस ने बताया ग्राम कलमीदादर में आरोपी रामेश्वर जगत पिता स्व दाउ जगत के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, 20,000 एमएल कीमत 4000 रुपए को जब्त किया गया। इधर पिथौरा पुलिस ने डोंगरीपाली जाने वाले रोड के किनारे आरोपी मनोज यादव पिता स्व. करूणा यादव निवासी डोंगरीपाली के कब्जे से कुल 03 लीटर देशी महुआ शराब, कीमत 600 रुपए रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## 27 हाथियों के दल ने कई एकड़ धान फसल को रौंदा

**बेलादुला व धोबनी क्षेत्र के गांवों में पहुंचा रहे नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार सरसीवां

बिलाईगढ़ वन विभाग अंतर्गत आने वाले कक्ष क्रमांक 452 के धोबनी गांव में आये दिन हाथियों के कारण धान फसलों की तबाही बढ़ती जा रही है। बेलादुला व धोबनी क्षेत्र के गांवों में पहुंचे हाथियों के दल लगातार धान की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

धोबनी के किसानों से मिली जानकारी अनुसार शनिवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के दरमियानी रात में 28 हाथियों का झुंड नरेशनगर से विचरण करते हुए पहुंच गये।

हाथियों का दल किसानों के खेत में जा घुसा और खेत में लगे धान के फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। धोबनी के किसानों के 25 से 30 एकड़ खेतों में लगी धान की फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए हाथियों का दल धोबनी से वापस सिद्धा मांडा, नरेशनगर जंगल की ओर आगे बढ़ गया, जहां आये हाथियों की संख्या लगभग 28 है।



हाथियों के दलों में कई हाथियों के शावक भी है । धोबनी के ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का दल लगभग एक हफ्ते से वन परिक्षेत्र नरेश नगर चौकी के जंगल को विचरण करने का ठिकाना बनाये हुए हैं और दिन में जंगल में विचरण करते रहते हैं और शाम ढलते ही खाने की तलाश में खेत की ओर आते हैं। ग्राम धोबनी के पास से जंगली हाथियों का रात में गुजरना बस्ती वालों में डर बना हुआ है। ग

रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई सूचना गांव वालों को नहीं दी जाती, बल्कि हाथी को देखने के लिए लोग उसके नजदीक जा रहे हैं। ऐसे में बड़ी घटना घट सकती है।

### ग्रामीणों ने 21 क्विंटल धान के बराबर मांगी मुआवजा राशि

**धोबनी।** बिलाईगढ़ वन विभाग अंतर्गत आने वाले धोबनी, नरेशनगर, किसड़ा, बेलाडुला के गांवों में 28 हाथियों के कारण किसानों की गाढ़ी कमाई से पके पकाए,धान की फसल को नुकसान पहुचा रहा है। 28 हाथियों का दल तबाही कर उत्पात मचाए हुए हैं और तो ओर खेत में धान की खरही को भी खा जा रहे हैं। वन विभाग से किसान मुआवजे के लिए आस लगाए हुए हैं पर मुआवजा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। धोबनी, नरेशनगर, ढनढनी के लोग रात में पहरा देकर गांव की ओर आने से रोक रहे हैं। किसानों को हाथियों द्वारा जो क्षति हो रही है, उसका क्षति पूर्ति एक एकड़ में नौ हजार के लगभग प्राप्त होने की बात कही जा रही है। किसानों की मांग है कि एक एकड़ में इक्कीस क्विंटल के बराबर मूल्य इकतीस सौ रुपए की दर से दिए जाने की मांग की जा रही है।वन विभाग हाथियों को घने जंगल की ओर खदेड़ने में विफल हो रहा है।

## घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार






ग्राम नायकटांड में पुरानी रंजीश पर ग्रामीण के घर में घुसकर मारपीट करने वाले चार युवकों को पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। यह शिकायत नायकटांड के क न्हैया ला ल पैकरा ने थाने में की थी।

■ पुरानी रंजिश के चलते घटना को दिया अंजाम, पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

थाना से मिली जानकारी के अनुसार 1 नवंबर को शाम करीबन करीब 8 बजे प्राथी अपने घर में ही था।

इसी बीच आरोपियों द्वारा प्रर्थी के घर में जबरदस्ती घुसकर अशलील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किए हैं तथा एक आरोपी द्वारा अपने हाथ में पहने चुडा से कान एवं गाल में मारपीट किया है, जिससे प्रर्थी को गंभीर चोट आई है।

इस रिपोर्ट पर आरोपी जगमोहन पैकरा 53 वर्ष विजय शंकर पैकरा 31 साल, वीरेंद्र पैकरा 30 साल, नरेंद्र पैकरा 25 साल सभी निवासी ग्राम नायकटांड थाना लटुवा के विरुद्ध धारा 296,115(2), 351(2), 333, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने जांच विवेचना कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल चार आरोपियों को हिरासत में लिया। जिनसे पूछताछ करने पर पुरानी रंजिश पर से प्रार्थी के घर अंदर जबरदस्ती घुसकर, उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर उसे गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया। मंगलवार सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### शहर में निकाली निशान यात्रा...



**बलौदाबाजार।** खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर मंगलवार को शहर में निशान यात्रा निकाली गई। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर मंगलवार को बाबा श्याम का जन्मोत्सव मनाया गया। निशान यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों महामाया मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के बस स्टैंड, गांधी चौक, नेहरू चौक, सदर बाजार होते हुए बजरंग मंदिर परिसर में समाप्त हुई। निशान यात्रा के दौरान लोगों ने जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दिन देव उठानी एकादशी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। यात्रा समाप्ति के बाद महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

## तुलसी विवाह करने पर एक कन्यादान के बराबर प्राप्त होता है पुण्य



हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

कार्तिक शुक्ल पक्ष में देवउठनी एकादशी का पर्व मंगलवार को आस्था के साथ मनाया गया। लोगों ने घरों में तुलसी विवाह कर विधि–विधान से पूजा की। हिंदुओं के संस्कार अनुसार तुलसी की हर घर देवी के रूप में पूजा की जाती है। इसकी नियमित पूजा से पापों से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार तुलसी विवाह करने पर एक कन्यादान के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इससे पहले श्रद्धालुओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर पूजन किया। यादव समाज के लोग गाय, भैंस को सोहाई बांधकर दोहा के साथ आशीष दी। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्य और शुभ कार्य प्रारंभ हो गया है।

### अंचल में हुआ तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बगबुड़ा- लवन

देवउठनी एकादशी पर अंचल के ग्राम खैन्दा, धाराशिव, कैलाशगढ़, कोहरौद, दतान, खैरा, कुम्हारी, तुरमा, अहिल्दा, कोलिहा, बरदा सहित पूरे अंचल में तुलसी विवाह धूमधाम से किया गया। इस दौरान ग्रामीण अंचल व देश की खुशी, सुख समृद्धि के साथ फसलों की अधिक पैदावार के लिए ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। ग्रामीणों ने गौरा गौरी, शिव पार्वती की पूजा की। गौरा गौरी की मूर्ति की स्थापना के पश्चात रात में बारात निकाली गई और सुबह गाजे–बाजे के साथ तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। रास्ते में श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान काफी संख्या में लोग भगवान गौरी–गौरा की पूजा के लिए उमड़े।



### खरोरा में मनाया गया देवउठनी एकादशी का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर माता तुलसी की पूजा अर्चना की गई। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि देवउठनी एकादशी का व्रत रखकर महिलाओं ने माता तुलसी की विवाह कराया। इस साल 12 नवंबर को मंगलवार को तुलसी विवाह का पर्व मनाया गया। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा अर्चना करते हैं। पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह को शुभ माना जाता है। साथ ही तुलसी माता के कुछ उपाय करने से शुभ फल की प्राप्ति भी होते हैं।

**कलेक्टर ने ली विभाग के अधिकारियों की बैठक**

## धान खरीदी पर सतत निगरानी रखेंगे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सारंगढ़-बिलाईगढ़





राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल और प्रति क्विंटल 3100 रूपए समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 में धान खरीदी की समुचित व्यवस्था की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट सारंगढ़ में मार्कफेड, अपेक्स बैंक, मंडी बोर्ड, कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में राजस्व विभाग के भुईयां पोर्टल, धान खरीदी और वितरण के लिए निर्मित वेबसाइट पीसीएसएपी, कृषि विभाग के वेबसाइट एकीकृत पोर्टल और किसान पंजीयन सहित गिरदावरी, सेवा भूमि, भूअर्जन एवं मुआवजा के रिकॉर्ड को चेक करने के लिए सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर के अधिकारी कर्मचारी द्वारा कोई त्रुटि की जाएगी तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी–बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। किसानों को भुगतान के लिए अपेक्स बैंक की शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से करने और किसानों को सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने कहा। उन्होंने कहा कि ओडिशा पड़ोसी राज्य से किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध धान का परिवहन, भंडारण आदि नहीं हो, इसके लिए वाहनों की चेकिंग, भंडार केंद्रों और राइस मिलर की चेकिंग करने के लिए खाद्य और मंडी निरीक्षक सहित गठित जांच टीम के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप

### मुनगासेर में भाजपा का कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भाजपा लोकतंत्र संगठन महापर्व चुनाव के पूर्व मंडल कार्यशाला का आयोजन 13 नवंबर 2024 बुधवार 3 बजे स्थान मुनगासेर में मंडल निर्वाचन अधिकारी छतर सिंह नायक, सह निर्वाचन अधिकारी कमलेश कुमार टांडेय की उपस्थिति में आहूत किया जाएगा। जिसमें बागबाहरा ग्रामीण मण्डल निवासरत प्रदेश/जिला के वरिष्ठ नेतागण व पदाधिकारी की उपस्थिति होगी। जानकारी देते हुए भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने मंडल के समस्त मोर्चा/प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सदस्यता, शक्ति केंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष एवं मंडल के सक्रिय सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिला फ्लेक्स एसोसिएशन के निर्विरोध सचिव बने सिद्धांत

**महासमुंद।** महासमुंद जिला फ्लेक्स एसोसिएशन का गठन नगर पंचायत तुमगांव के कर्मा सदन में किया गया। जिसमें नगर पंचायत तुमगांव के सिद्धांत साहू निर्विरोध सचिव चुने गए। कार्यक्रम में महासमुंद जिले के सभी विकासखंड से 24 फ्लेक्स प्रिंटिंग व्यवसायी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से अध्यक्ष -पंकज सोनी महासमुंद, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल बसना, सचिव सिद्धांत साहू तुमगांव, कोषाध्यक्ष -अमरनाथ झा सरायपाली, सहसचिव -अमितेश बंसल बागबाहरा, मीडिया प्रभारी -सजल अग्रवाल झलप को बनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल कुंडलिया (रायपुर), शेखर श्रीवास (रायपुर), सुमीत अग्रवाल (रायपुर) एवं डीके साहू (अध्यक्ष राजिम फ्लेक्स प्रिंटर्स एसोसिएशन) मौजूद रहे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का हुआ दीपावली मिलन कार्यक्रम

**महासमुंद।** प्रायवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लाक महासमुंद द्वारा 10 नवम्बर को वृंदावन विद्यालय प्रांगण में दिवाली मिलन के कार्यकम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष डॉ. जार्ज रावटे के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यालय के संचालकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में छात्रों के बीच में सभी धर्मो के प्रति सम्मान और आदर की भावना पैदा करने का प्रयास होना चाहिए। जिससे समाज में भाईचारा और एकता बनी रहने में सहायक होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष माधव टांकसाले ने की। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान परीक्षा तथा संगठन के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी ।

### निधन

### आयुष साहू

**बलौदाबाजार।** ग्राम सकरी निवासी आयुष साहू 14 वर्ष का



मंगलवार को निधन हो गया। आयुष के निधन से पूरा गांव गमगीन हो गया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों सहित ग्रामवासी शामिल हुए। वे डॉ. रेशम साहू के पुत्र तथा पूजा साहू के छोटे भाई थे।

### कार्यक्रम : जमगहन में संकुल स्तर पर हुई खेलकूद प्रतियोगिता

# दौड़ में लक्की और हिमांशु प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

शासकीय हाई स्कूल मैदान जमगहन में संकुल स्तरीय खेलकूद का आयोजन किया गया। इसमें संकुल के सभी प्राथमिक मिडिल, हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। संकुल प्राचार्य. ऐस डी मानिकपुरी ने बताया की 10 स्कूलों के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेल लंबी दौड़ लंबी कूद कबड्डी रस्सा कसी, खो-खो आदि खेलों में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। खेलकूद का शुभारंभ जमगहन के सरपंच मोहन सिंह ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के 50 मीटर दौड़ में प्राइमरी बालक लक्की भारती बरभाठा प्रथम, हिमांशु कुर्रे जमगहन द्वितीय, 100 मीटर दौड़ बालक प्रथम चंद्रहास ठरकपुर, द्वितीय प्रवीण कुर्रे बरभाठा, खो-खो बालक प्रथम मधुबन कला, द्वितीय



जमगहन प्राथमिक शाला, कबड्डी में प्रथम बर भाठा, द्वितीय जमगहन, मिडिल स्कूल स्तर पर दौड़ में प्रथम भूमिका बंदारी, द्वितीय तन्नू महंत ठरकपुर, दूसरी दौड़ में प्रथम मंजू ठरकपुर, द्वितीय भूमिका बन्दारी रही, लम्बी कूद में प्रथम भूमिका बंडारी, द्वितीय तन्नू ठरकपुर, रस्सकसी में प्रथम ठरकपुर, द्वितीय जमगहन, खो-खो प्रथम ठरकपुर द्वितीय जमगहन कबड्डी प्रथम ठरकपुर द्वितीय जमगहन, इसी प्रकार मिडिल बालक बालिका, हाई स्कूल बालक बालिका प्राइमरी बालक बालिका के विभिन्न खेलों में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रथम और द्वितीय आये बच्चों को शील्ड और मेडल से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर ऐस डी मानिकपुरी, तेज शंकर वैष्णव, प्रसन्ना चंद्र, देवेंद्र मनहर, सुप्रिया यादव, लिना होता, निराला मैडम, त्रिलोक चंद्र देवांगन, रामनारायण देवांगन, संगीता श्रीवास, शत्रुघ्न कश्यप, कुसुम लता यादव, घृत लहरे, भारद्वाज, दिलहरण सातरे, रामकुमार साहू, सोमवती साहू, यशोदा केसरवानी, साहू मैडम, ममता पटेल, उमेश्वर सिंह दाऊ प्रधान पाठक, गणेशी सिदार, सतीश घृतलहरे और पंकज दुबे सबका सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन भारद्वाज ने किया।



## प्राथमिक शाला में हुआ न्योता भोज

**भटगांव।** प्रधान पाठक राजेश कुमार देवांगन ने अपने जन्मदिन पर नेवता भोज का आयोजन कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर देवांगन द्वारा बच्चों को कॉपी कलम भेंट कर मिठाई, केला, बिस्किट वितरित किया। प्रधान पाठक ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप लोग नियमित स्कूल आये और अच्छे से विद्या अध्ययन करें। इस अवसर पर शाला प्रबंधन के अध्यक्ष राम लाल यादव तथा संकुल समन्वयक शशि चंद्रा के साथ-साथ संकुल के शिक्षक जिसमें चिकनीडीह प्रधान पाठक धीरेन्द्र सिंह राजपूत और प्रधान पाठकों में नरेश मनहर, चेतन लाल चंद्रा, ऐस ऐन साहू, मूलचंद देवांगन, अरुण कुमार देवांगन, गणेश्वर साहू, मंजूलता साहू उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार ने आयोजित किया अखंड ज्योति सम्मान समारोह





हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ लवन रोड बलौदाबाजार में रविवार को अखण्ड ज्योति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार सहित ब्लाक के अखण्ड ज्योति, युग निर्माण एवं प्रज्ञा अभियान पत्रिका के पाठकगण सम्मिलित हुए। समारोह में मुख्य वक्ता जिला प्रतिनिधि कौशल वर्मा, सह समन्वयक युवा प्रकोष्ठ जिला बलौदाबाजार, भूषणलाल साहू उपस्थित थे। श्री वर्मा ने कहा कि जिस तरह लोग शरीर को सजाने संवारने को महत्व देकर शरीर को स्वस्थ, निरोगी एवं सशक्त बनाने की बात भूल जाते हैं, उसी तरह लोग मन की चंचलता को महत्व देकर मनमानी करने में लग जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन महिला मण्डल की बहनों द्वारा किया गया, जिसमें उषा सिन्हा, छाया पटेल, पिंकी यादव, पुष्पा वर्मा, निर्मला वर्मा, रमण साहू, शकुन साहू, रूखमणी साहू, राजेश्वरी बघेल, शैली अग्रवाल, पुष्पा साहू प्रेमलता साहू, आरती सराफ, ऋतु यादव, प्रेमबती साहू, भोजा विश्वकर्मा आदि शामिल हैं।

## धमनी में डेंगू मलेरिया लार्वा की टीम ने की सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विगत दिनों विकासखंड पलारी अतंर्गत ग्राम धमनी में स्वास्थ्य विभाग एवं मितानिनों द्वारा तीन टीम बनाकर सघन रूप से घर–घर जाकर फ्रिज, कूलर, गमला, सिमेंट टैंक, टायर आदि सहित गड्ढों में जमा पुराने पानी को लेकर आवश्यक कदम उठाए। जांच टीम ने लार्वा नष्ट करने के उपायों की जानकारी दी। सुपरवाइजर ध्रुवे, शर्मा मैडम, आरएचओ संजय पैकरा, तुमनाथ वर्मा, धनेश साहू, देव यदु, मनमोहन आर्यन, चंद्रा किरण चंद्राकर, आरएचओ शकुंतला यादव, दामिनी मानिकपुरी, निर्मला साहू, रानु धिरहे, मोंगरा निराला, एम टी मीना चौहान, मितानिन लछनी बाई यादव, संतोषी यदु, अकती पटेल तथा वन प्रबंधन समिति



धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव भी टीम के साथ सहयोग किये।

## नवरात्रि है देवी शक्ति प्राप्त करने का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

कार्तिक मास पर ग्राम गीधपुरी में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा में आचार्य झम्मन प्रसाद शास्त्री ने नवरात्रि पर्व एवं देवी महिमा को विस्तार पूर्वक बताते हुए नवरात्रि पर्व को देवी शक्ति प्राप्त करने का पर्व कहा। उन्होंने बताया कि देवी भागवत की कथा वर्णन में गंगा मां, गौ माता, तुलसी माता, वर्णन में शंख, भस्म, रुद्राक्ष की महिमा के विषय में आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक स्वरूपों का विवेचन किया। सरस्वती मां को प्रसन्न करने के लिए सात्विक भाव से त्याग, संयम, सेवा, तपस्या, साधना,

- कार्तिक मास पर गीधपुरी में भागवत महापुराण कथा जारी



स्वाध्याय के प्रति अवस्था को बढ़ाने की आवश्यकता है। अलग–अलग समाज के लोग सनातन धर्म के देवी देवताओं को बांट दिए हैं। इसलिए सनातन धर्म भी बटा हुआ है। हम सब एक है और सभी हिंदुओं के देवी देवता एक है। हम लोगों को मिलकर रहने से सनातन धर्म संगठित होगा। आचार्य शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक हिंदू परिवार से एक–एक अंशदान निकालने तथा एक घंटा सेवा के लिए निकाले जिससे सनातन धर्म का प्रचार समाज सेवा एवं राष्ट्रीय एकता की भावना प्रतिष्ठित हो। प्राप्त रूपयों का उपयोग अपने क्षेत्र को संस्कृत सुबोध तथा स्वालंबी बनाने में हो सेवा कार्य तथा रचनात्मक कार्य संपादन में अर्थ का विनियोग हो। प्रत्येक साप्ताहिक सेवा का कार्य अनिवार्य हो तथा सामूहिक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ हो।

## बिनौरी में किया गया पौधारोपण

**पलारी।** पर्यावरण को बढ़ावा देने तथा वर्तमान में नई पीढ़ी में पर्यावरण के प्रति प्रेम जागृत करने के उद्देश्य से पलारी से सटे ग्राम बिनौरी के मुक्तिधाम में पीपल पौधे का रोपण किया गया। साथ ही पौधे को पेड़ बनने तक उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम आदर्श साहू के जन्म दिवस के मौके पर किया गया।



इस कार्य में सनकुमार साहू, डॉ. जितेंद्र कुमार साहू, महेंद्र कुमार साहू, मालिकराम साहू, आयुष साहू शामिल थे।

## ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूक करने कॉलेज में इंवेस्टर अवेयरनेस एंड करियर ओरिएंटेड सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में छात्रों के बीच बचत एवं निवेश को बढ़ावा देने और विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन ठगी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंवेस्टर अवेयरनेस एंड करियर ओरिएंटेड पर सेमिनार आयोजित किया गया।

इसमें मुख्यवक्ता के रूप में सेबी सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की ओर से स्मार्ट ट्रेनर रवि आर्य को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं प्राचार्य सुनीता विक्रम कोशले के अध्यक्षीय भाषण के साथ हुआ। इसमें उन्होंने वर्तमान समय में निवेश की महत्ता




पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान समय में हो रहे ऑनलाइन ठगी एवं वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति कैसे सजग रहें, शिक्षा, खर्च का तंत्र, अर्थव्यवस्था, बचत कैसे करें, निवेश के विभिन्न तरीके, शेयर बाजार की आधारभूत जानकारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर प्राध्यापक जीवेंद्र कुमार राठौर, अन्नू केवरा, रंगनाथ यादव, दीपक कुमार कुर्रे, डॉ. सुमनलता राठौर, कुसुम प्रधान, नरेंद्र राकेश एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनीष बने हिंदू सेना संगठन के प्रदेश सचिव

हिरमी-रावन। अमृत धारा रक्तदाता समूह के संचालक मनीष वर्मा को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर विपिन सिंह राजावत एड प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एवं राष्ट्रीय सचिव मानस वर्मा की अनुशंसा पर भगवा कट्टर हिंदू सेवा संगठन के प्रदेश सचिव



नियुक्त किया गया है। श्री वर्मा 63वीं बार रक्तदान कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है एवं रक्तदान के लिए लोगों में जागरूकता लाकर सैकड़ों बार निःशुल्क रक्तदान करवाया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए हिंदू धर्म की रक्षा एवं संगठन की मजबूती प्रदान करने की बात श्री वर्मा द्वारा कही गई है।

## सिरजन दिवस पर लगा रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सिरजन दिवस व गौटिया परसराम यदु के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ महतारी चौक भाटापारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के सेनानी पदाधिकारीयों के साथ अन्य लोगों ने 62 युनिट ब्लड डोनेट कर आयोजन को सफल बनाया ।

- युवाओं ने 62 यूनिट ब्लड डोनेट किया

सुबह 9 बजे रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ। आशीर्वाद ब्लड बैंक के तकनीकी स्टाफ, आनंद अस्पताल बलौदाबाजार के सर्जन



डॉ. देवेश वर्मा के दिशानिर्देश में लोगों का ब्लड प्रेशर, सुगर जांच पश्चात रक्तदान लिया गया। रक्तदाताओं का छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना व आशीर्वाद ब्लड बैंक के तरफ से प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट, गमछा देकर सम्मानित किया गया। शाम 4 बजे तक चले शिविर में नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार, बुध्दिजीवी लोगों ने अपनी उपस्थित व प्रोत्साहन से आयोजन को सफल बनाया ।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के बस्तर, सरगुजा अंचल से करमा दल गेढ़ी नृत्य, डंडा नाच, सुआ नाच, राउत नाच, पंथी नृत्य, अखाड़ा दल के साथ भव्य रैली का आयोजन किया जाता रहा है। इन आयोजनों में नगर के सभी लोगों के साथ जिले भर से लोग शामिल होते रहे हैं। इस वर्ष 1 नवम्बर को दीपावली त्योहार होने से रैली का आयोजन नहीं हो पाया।

## लंबे अरसे बाद महाविद्यालय को मिला नियमित प्राचार्य



**बिलाईगढ़।** शासकीय महाविद्यालय अगस्त 2018 से अब तक प्रभारी प्राचार्यों द्वारा संचालित हो रहा था, किंतु अब एक लंबे अंतराल के बाद महाविद्यालय को एक नियमित प्राचार्य प्राप्त हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार डॉ. उमाकांत मिश्र शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष हिंदी से पदोन्नत होकर शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान प्रभारी प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

सोमवार को प्राचार्य की अध्यक्षता में स्टाफ काउंसिल की बैठक आहुत की गई, जिसमें पाठ्यक्रम, आंतरिक मूल्यांकन, नैक कार्य, विभिन्न समितियों का पुनर्गठन, एनएसएस, यूथ रेड क्रॉस, साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद गतिविधि आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं सभी प्राध्यापकों से उनके सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक के अंत में सुनीता विक्रम कोसले (सहा प्राध्या हिंदी) के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।







